JAGRAN CITY PAGE IV

मैं लखनऊ विश्वविद्यालय...

100 नॉटआउट

मैं लखनऊ विश्वविद्यालय। कुछ एक दिनों में मैं सौ बरस का हो जाऊंगा। एक लंबी यात्रा तय कर आया हूं, पर थकान का नामोनिशान नहीं है मेरे चेहरे पर। इतनी उम्र होने के बाद भी तरुणाई मेरी शिराओं में बह रही है। फिर भी, उम्र के इस शतकीय आंकड़े को पार कर लेने के बाद मन होता है कि एक निगाह पीछे की ओर डालूं। उस गुजरे वक्त का सिंहावलोकन करता हूं तो ऐसे कई पड़ाव जेहन में यकायक ही उभर आते हैं जिन पर मुस्कराने को मन करता है। इनमें कुछ गर्व के क्षण हैं, कुछ भावुक से लम्हे तो कुछ मस्ती भरे पल। न जाने कितनी ही पीढ़ियों को अपने आंगन में पल्लवित होते देखा। यहीं से निकलकर कइयों ने सफलता के ऐसे सोपान गढ़े कि दुनिया के फलक पर छा गए। उनकी कामयाबी मेरे लिए गर्व का विषय है। याद आती है यहां की कैंटीन की मस्तियां, हॉस्टल के किस्से। वक्त बदला है, शैली बदली है, लेकिन छात्रों का आना और मुझसे उनकी पहचान का जुड़ जाना वैसा ही है जैसा पहले था। 19 नवंबर से मेरा शताब्दी वर्ष समारोह मनाया जाएगा। अपने इस सौवें जन्मदिन की घड़ी आने से पहले मैं उन लम्हों को दोबारा जी लेना चाहता हूं, जो मेरा माजी हैं। अपनी स्थापना से आज तक के हर उस पड़ाव पर मैं नजर डालूंगा जो मुझे मील के पत्थर से लगते हैं। फिर से निकलता हूं अतीत की यात्रा पर, इस सफर में आप भी मेरे साथ चलिए। हम मिलकर उन पड़ावों को देखेंगे। यकीन मैं दिलाता हूं कि यात्रा दिलचस्प होगी।

लविवि के हॉस्टल कमरों की संख्या

कैलाश गर्ल्स	319
एएनडी हॉस्टल	132
बलरामपुर हॉस्टल	35
बीरबल साहनी	96
द्वितीय परिसर गर्ल्स	68
हबीबुल्लाह हॉस्टल	100
लाल बहादुर शास्त्री	153
लॉ हॉस्टल	79
मैनेजमेंट ब्वायज	66
महमूदाबाद हॉस्टल	98
सुभाष हॉस्टल	104
आर्ट्स कॉलेज	36
चंद्रशेखर आजाद गर्ल्स	88
गोल्डन जुबिली	60
मैनेजमेंट गर्ल्स	54
तिलक गर्ल्स	126

25 नवंबर 1920 को हुई लविवि की स्थापना

17 जुलाई 1921 को पहला शैक्षिक सत्र शुरू हुआ

02 अप्रैल 1941 को टैगोर लाइब्रेरी को मिला भवन

लविवि एक नजर में

- लविवि में 20 हजार व 153 संबद्ध डिग्री कॉलेजों में सवा लाख छात्र पढ़ते हैं
- नैक में इसे बी ग्रेड प्राप्त है
- यहां पर करीब 500 शिक्षक पढ़ाते हैं।
- विश्वविद्यालय में स्नातक की 3202 व परास्नातक में 5383 सीटें हैं।
- लविवि में कुल 16 हॉस्टल हैं। इसमें 11 ब्वायज व पांच गर्ल्स हॉस्टल है।
- विश्वविद्यालय में आठ संकाय हैं और विभागों की संख्या 60 है।

फोटो • रंगनाथ तिवारी

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

21 को होगा लविवि का दीक्षांत, समारोह में दिए जाएंगे 15 पदक

माई सिटी रिपोर्टर

शताब्दी समारोह की तैयारियों का जायजा लेते कुलपति।

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का शताब्दी समारोह दीक्षांत समारोह का साक्षी भी बनेगा। लविवि के प्रस्ताव पर राजभवन ने मुहर लगा दी है। दीक्षांत समारोह 21 नवंबर को होगा। हालांकि, कोरोना महामारी की वजह से मुख्य समारोह में केवल 15 मेधावियों को ही कुलाधिपति और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पदक प्रदान करेंगी। बाकी मेडल वितरण करने की तारीख बाद में घोषित की जाएगी।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस विशेष दीक्षांत समारोह की तैयारियां विश्वविद्यालय ने शुरू कर दी है। कोविड के कारण सर्वश्रेष्ठ छात्रों को दिए जाने वाले 15 पदक ही समारोह के दौरान दिए जाएंगे। अन्य सभी विभागीय पदक किसी एक अन्य तारीख में दिए जाएंगे। इसकी तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

वीसी ने शब्तादी समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

लखनऊ। लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शताब्दी समारोह की तैयारियां का शनिवार को जायजा लिया। वह डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन के साथ सांस्कृतिकी के निदेशक प्रो. राकेश चंद्रा के नेतृत्व में चल रही तैयारियों के बीच पहुंचे। छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

इन पदकों से सम्मानित किए जाएंगे मेधावी

सभी संकायों में सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिया जाएगा। इसके अलावा दो कुलाधिपति रजत पदक, 10 कुलाधिपति कांस्य पदक, एक डॉ. चक्रवर्ती स्वर्ण पदक और एक कुलपति स्वर्ण पदक दिया जाएगा।

NBT PAGE 6

राज्यपाल देंगी 14 मेडल, बाकी विभाग से मिलेंगे

दीक्षांत समारोह 21 नवंबर को

एनबीटी,लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की तारीख तय हो गई है। एलयू शताब्दी वर्ष के समारोह के दौरान 21 नवंबर को दीक्षांत समारोह का आयोजन करेगा। इसके लिए राज्यपाल आनंदी वेन पटेल की मंजूरी मिल गई है। हर वार दीक्षांत समारोह में 196 मेडल्स वांटे जाते थे, वहीं इस वार राज्यपाल केवल 14 महत्वपूर्ण मेडल वांटेंगी वाकि मेडल्स विभागों द्वारा दिए जाएंगे।

वता दें 21 नवंबर को शताब्दी वर्ष समारोह के तहत हेरिटेज वॉक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था। जिसको पीछे खिसका कर 19 नवंबर को कर दिया गया है। काफी इंतजार के वाद आखिरकार लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की तारीख मिल गई। शनिवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने स्वयं कुलाधिपति आनंदी वेन पटेल से जाकर मुलाकात की। जिसके वाद 21 नवंबर की तारीख का निर्णय लिया गया। कोरोना संक्रमण की वजह से इस वार कुलाधिपति केवल 14 मेडल्स ही वांटेंगी। वाकि अन्य मेडल्स छात्रों को विभागों द्वारा वितरित किए जाएंगे।

बनाए जाएंगे पांच स्मार्ट टॉइलट

लखनऊ विश्वविद्यालय में पांच स्मार्ट शौचालय बनाए जाएंगे। यह शौचालय फाइव स्टार होटलों की तर्ज पर बनाए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा दिए गए 25 लाख रुपयों की लागत से इनका निर्माण किया जाएगा। इसमें सफाई व्यवस्था का खास ध्यान रखा जाएगा। चर्चा है कि उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा इन शौचालयों की नींव शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान रख सकते हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन शौचालयों में सफाई कर्मचारियों की अलग से नियुक्ति की जाएगी। इन पांच शौचालयों में चार महिला व एक पुरुष शौचालय होगा। सभी टॉइलट में ऑटोमेटिक फ्लश की सुविधा होगी।

शताब्दी समारोह

'एलयू की अकैडमिक छवि को निखारने का काम करेंगे'

एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय विवि की स्वर्णिम गरिमा को वापस पाना चाहते हैं। एलयू के लिए कुलपति ने दो महत्वपूर्ण लक्ष्य वनाए हैं। पहला लक्ष्य लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रति लोगों की छवि को वदलना व दूसरा रेवेन्यू जेनरेट करना, जिससे विवि के इंफ्रास्ट्रक्चर में वदलाव कर इसे और ज्यादा स्टूडेंट फ्रैंडली वनाया जा सके।

शताब्दी वर्ष में अकैडमिक सुधार पर अधिक फोकस करेगा एलयू

प्रो. राय ने वताया कि एलयू के लिए लोगों की अभी भी एक राजनीतिक संस्थान की छवि वनी हुई है। जिसे हमें वदलकर एक अकैडमिक संस्थान की छवि विकसित करना है। दूसरा लक्ष्य है कि कैसे यूनिवर्सिटी में रेवेन्यू जनरेट किया जाए, ताकि वह पैसा यूनिवर्सिटी के इंफ्रास्ट्रक्चर को और ज्यादा हाइटेक वना सके। कुलपति ने वताया कि कई विभागों में तमाम इंफ्रास्ट्रक्चर काफी खराव है। साथ ही कैंपस को आईटी सेक्टर में कैंपस के हर एक विभाग में स्टूडेंट्स के लिए वाईफाई की सुविधा दी जा सके। इसी तरह स्टूडेंट्स के लिए कैंपस को और अधिक प्रभावशाली वनाया जाए। जिससे उत्तर प्रदेश में रहने वाले वच्चों को दाखिले के लिए उत्तर प्रदेश से वाहर न जाना पड़े। कुछ इस तरह का रोडमैप कुलपति शताब्दी वर्ष के लिए तैयार कर रहे हैं।

समारोह के बड़े कार्यक्रमों में आमंत्रण पत्र साथ लाना होगा

शताब्दी समारोह में होने वाले वड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहुंचने के लिए आमंत्रण पत्र साथ लाना होगा। इन सांस्कृतिक आयोजनों में आम लोगों को सीधी एंट्री नहीं दी जाएगी। केवल दिन के कार्यक्रमों में ही लोगों को सीधा प्रवेश मिलेगा।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार ने वताया कि कोरोना के प्रभाव को देखते हुए कुछ पावंदियां लागू की गई हैं। डॉ. निशि पांडेय ने वताया कि जो भी दिन के कार्यक्रम होंगे, उनमें आम लोगों को भी प्रवेश दिया जाएगा। मगर प्रवेश द्वार पर लोगों की काउंटिंग की जाएगी। ताकि भीड़ न वढ़े। इसके अलावा अभिनेता अनुपम खेर का वर्चुअल कार्यक्रम जो कि मालवीय हॉल में होना है, उसमें केवल स्टूडेंट्स ही आ सकेंगे, लेकिन वे भी फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व के आधार पर ही आ सकेंगे

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू का शताब्दी समारोह 21 नवंबर को

दीक्षांत

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के 21 नवंबर को होने वाले शताब्दी दीक्षांत समारोह के आयोजन के लिए अपनी सहमति दे दी है। इस विशेष दीक्षांत समारोह की तैयारियां विश्वविद्यालय में जोर शोर से चल रही हैं।

सार्वजनिक सभा के लिए कोविड - 19 के प्रतिबंध के कारण और समस्त विश्वविद्यालय परिवार के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन केवल सर्वश्रेष्ठ छात्रों को केवल 15 पदक ही देगा। अन्य सभी विभागीय पदक बाद में छात्रों को प्रदान किए जाएंगे। इसकी तिथि की घोषणा बाद में होगी।

दीक्षांत समारोह के लिए कुलपति ने कुल आठ समितियां गठित की हैं। यह समितियां दीक्षांत समारोह के संचालन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाएंगी। इनमें पहली समिति है पंडाल एवं मंच सज्जा समिति। फिर मेडल प्राइज एवं उपाधि समिति, वस्त्र एवं परिधान समिति, मुद्रण एवं आमंत्रण बुकलेट वितरण समिति, सांस्कृतिक एवं कला समिति, रिसेप्शन कमेटी, अनुशासनात्मक समिति तथा कैंपस मेंटेनेंस समिति बनाई गई है। समिति में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों को रखा गया है।

बीकॉम के छात्रों से कुलपति का संवाद

लविवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय शनिवार को बीकाम व बीकाम आनर्स के छात्रों से मुखातिब हुए। ऑनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम में उन्होंने छात्रों को वाणिज्य विभाग में प्रवेश पाने और यहां के 100वें वर्ष में प्रवेश पाने के लिए बधाई दी। उन्होंने विभाग से जुड़े प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों के बारे में बात की। डीन, वाणिज्य संकाय प्रो आर.के. महेश्वरी डीन सीडीसी और प्रमुख वाणिज्य विभाग प्रो अवधेश कुमार ने भी विचार साझा किए।

PIONEER PAGE 3

एलयू के शताब्दी समारोह के बीच राजभवन ने दी दीक्षांत समारोह को हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शताब्दी वर्ष के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह कार्यक्रम को राजभवन ने हरी झंडी दे दी है। विवि का यह समारोह 21 नवम्बर को होगा। कोविड के खतरे की संभावना के बीच समारोह सीमित दायरे में होगा। कार्यक्रम के दौरान कुलपति, चांसलर व चक्रवर्ती मेडल सहित गोल्ड, रजत और ब्रोंज में कुल 15 मेडल ही वितरित किये जायेंगे। जबकि अन्य मेडल किसी अन्य कार्यक्रम के दौरान वितरित होंगे।

शताब्दी वर्ष के बीच दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर राजभवन से हरी झंडी मिलने के पीछे विवि के कुलपति प्रो आलोक राय की मेहनत है। क्योंकि इससे पूर्व राजभवन की तरफ से मना कर दिया गया था। फिर भी कुलपति प्रयासरत रहे, जिसके चलते राजभवन को आयोजन की हरी झंडी देनी पड़ी। हर बार दीक्षांत समारोह में 196 मेडल्स बांटे जाते थे, वहीं इस बार राज्यपाल केवल 15 महत्वपूर्ण मेडल बांटेंगी बाकि मेडल के लिए बाद में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। विवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक कोविड .19 के प्रतिबंध के कारण केवल 15 पदक ही केवल इस दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान किए जाएंगे। अन्य सभी विभागीय पदक जो पूर्व छात्रों अथवा किसी अन्य के द्वारा प्रायोजित किये गए हैं, को किसी एक अन्य तारीख में छात्रों को प्रदान किए जाएंगे जिसके तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। बता दें 21 नवंबर को शताब्दी वर्ष समारोह के तहत हैरिटेज वॉक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था। जिसको पीछे खिसका कर 19 नवंबर को कर दिया गया है।

21 नवंबर को होगा दीक्षांत समारोह, केवल चांसलर व चक्रवर्ती सहित 15 मेडल होंगे वितरित

AMRIT VICHAR PAGE 3

लखनऊ विश्वविद्यालय में शताब्दी समारोह की तैयारियों पर विचार-मंथन करते छात्र-छात्राएं व कुलपति। फोटो : अमृत विचार

एलयू में शुरू हुईं शताब्दी समारोह की तैयारियां

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शताब्दी समारोह की तैयारियां जोर शोर से प्रारम्भ हो गयी हैं। इसी क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के सांस्कृतिकी के छात्र एव छात्रायें भी अपनी तैयारियां निदेशक सांस्कृतिकी प्रो. राकेश चंद्रा के नेतृत्व में शुरू कर चुके हैं। उनके इन तैयारियों का जायजा और उनका उत्साहवर्धन करने के लिए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो पूनम टंडन उनके तैयारी स्थल पर पहुंचे।

i-NEXT PAGE 4

21 नवंबर को होगा एलयू का दीक्षांत

LUCKNOW (7 Nov inext): लखनऊ यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह 21 नवंबर को होगा, गवर्नर से इसकी मंजूरी मिल गई है. हर साल दीक्षांत में 196 मेडल बांटे जाते थे, वहीं इस बार मंच से गवर्नर आनंदी बेन पटेल सिर्फ 14 महत्वपूर्ण मेडल ही देंगी. बाकी मेडल विभागों में दिए जाएंगे. बता दें 21 नवंबर को शताब्दी वर्ष समारोह के तहत हैरिटेज वॉक का आयोजन किया जाना था, जो अब 19 नवंबर को होगा. शनिवार को वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने गवर्नर आनंदी बेन पटेल से जाकर मुलाकात की. जिसके बाद 21 नवंबर की तारीख दीक्षांत के लिए तय हुई है.

ये हैं 14 मेडल्स

गवर्नर आनंदी बेन पटेल मंच से इन मेडलों को वितरित करेंगी...

- चांसलर गोल्ड मेडल
- चक्रवर्ती गोल्ड मेडल
- वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एकेडमिक रिकार्ड के आधार पर)
- वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (बेस्ट एनसीसी कैडेट)
- सिल्वर मेडल (यूनिवर्सिटी की टॉपर छात्रा को)

10 ब्रांज मेडल

नोट- 10 ब्रांज मेडल में 2 साइंस, 2 कॉमर्स, 2 आर्ट्स, 2 लॉ, 2 फाइन आर्ट फैकेल्टी के स्टूडेंट्स को दिए जाएंगे.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

ऑनलाइन ओरिएंटेशन वार्ता में शामिल हुए 500 छात्र

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में ऑनर्स के शताब्दी वर्ष में प्रवेश प्राप्त करने वाले नए छात्रों के साथ अपनी दूसरी ऑनलाइन ओरिएंटेशन वार्ता सफलतापूर्वक सम्पन्न की। इस कार्यक्रम में रिकॉर्ड 500 छात्र शामिल हुए और कुलपति ने उन्हें विश्वविद्यालय में जीवन का पूर्वावलोकन दिया। प्रो आलोक कुमार राय ने छात्रों को विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित वाणिज्य विभाग में प्रवेश पाने और यहां के 100 वें वर्ष में प्रवेश पाने के लिए बधाई दी। उन्होंने वाणिज्य विभाग से जुड़े विश्वविद्यालय के कई प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों के बारे में बात की और एक कहानी के माध्यम से युवा आकांक्षाओं को पूरा करने और उनके सपनों को साकार करने के सफलता के मंत्र के बारे में बताया।

डीनए वाणिज्य संकायए प्रो आरण्केण् महेश्वरीय डीन सीडीसी और प्रमुखए वाणिज्य विभागए प्रो अवधेश कुमार त्रिपाठीय और डीन स्टूडेंट वेलफेयरए प्रो पूनम टंडन ने भी फ्रेशर्स के साथ अपने विचार साझा किए और फ्रेशर्स को उनके लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं और संसाधनों से अवगत कराया। प्रो टंडन ने विश्वविद्यालय में मौजूद छात्र हित की योजनाओं जैसे संवर्धनए कर्मयोगीए स्टूडेंट वेलफेयर फंडए ट्री स्कीम आदि से छात्रों का परिचय करवाया और कहा कि उनके सफल छात्र जीवन के लिए विश्वविद्यालय उनकी सम्पूर्ण मदद करेगाए अतएव वे भी विवि जीवन में पूरा भाग ले।

THE PIONEER PAGE 3

LU's centennial convocation on November 21

PNS ■ LUCKNOW



Lucknow University will be holding its centennial convocation ceremony on November 21. Spokesperson Durgesh Srivastava said Governor Anandiben Patel has given consent to the university to conduct the ceremony. He said the preparations for this special convocation ceremony have already begun.

"Due to Covid-19 restrictions in place on public gathering and keeping in mind the health of entire LU family, only 15 medals given by the university administration to some of the best students will be awarded at the convocation. All other departmental medals sponsored by alumni or otherwise will be conferred to students at a date which will be announced later.

He said the medals to be awarded by the Chancellor at the convocation will include Vice-Chancellor's Gold Medal for the best NCC cadet, Chancellor's Silver Medal for the best student among all students of all the faculties in PG, Chancellor's Silver Medal for the best girl student, Chancellor's Gold Medal for the best student in all the faculties, Chancellor's Bronze Medal for the best student in BA, BSc, BCom, BFA, LLB and Dr Chakravarti Gold Medal for Service for good behaviour.

JAGRAN CITY PAGE IV

लविवि का दीक्षा समारोह 21 को

कोरोना के दृष्टिगत इस बार दिए जाएंगे केवल प्रमुख 15 मेडल राज्यपाल ने कुलपति को दी अनुमति

लखनऊ विश्वविद्यालय के 100वें स्थापना दिवस के दौरान 21 नवंबर को दीक्षा समारोह भी किया जाएगा। राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल खुद इस समारोह में मौजूद रहेंगी, मगर कोरोना संक्रमण को देखते हुए कार्यक्रम संक्षिप्त होगा। इस बार केवल प्रमुख 15 मेडल ही दिए जाएंगे, जबकि विभागवार दिए जाने वाले 194 अन्य मेडल बाद में दिए जाएंगे।

शताब्दी वर्ष समारोह 19 से 24 नवंबर तक चलेगा। इसी बीच दीक्षा समारोह को लेकर लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार ने शनिवार सुबह राज्यपाल से मुलाकात की। राज्यपाल ने दीक्षा समारोह को लेकर अपनी सहमति व्यक्त की। प्रो. आलोक ने बताया कि मेडल पाने वाले मेधाविवों के नाम जल्द घोषित कर दिए जाएंगे।

मेधावियों को दिए जाएंगे ये मेडल :

- **कुलाधिपति स्वर्ण पदकः** सभी संकायों में सर्वश्रेष्ठ छात्र को।
- **कुलाधिपति रजत पदकः** स्नातकोत्तर के सभी संकायों में सर्वश्रेष्ठ छात्र को।
- **कुलाधिपति रजत पदकः** विश्वविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ छात्रा को।
- **कुलाधिपति कांस्य पदकः** बीए (अंतिम) वर्ष के दो सर्वश्रेष्ठ छात्र को।
- **कुलाधिपति कांस्य पदकः** बीएससी (अंतिम) वर्ष के दो सर्वश्रेष्ठ छात्र को।
- **कुलाधिपति कांस्य पदकः** बीकॉम (अंतिम) वर्ष के दो सर्वश्रेष्ठ छात्र को।
- **कुलाधिपति कांस्य पदकः** बीएफए (अंतिम) वर्ष के दो सर्वश्रेष्ठ छात्र को।
- **कुलाधिपति कांस्य पदकः** एलएलबी (त्रिवर्षीय) के दो सर्वश्रेष्ठ छात्र को।
- **कुलपति स्वर्ण पदकः** विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ एनसीसी कैडेट को।
- **डॉ. चक्रवर्ती स्वर्ण पदक (सर्वश्रेष्ठ सेवा-भाव के लिए)** : विश्वविद्यालय में अच्छे व्यवहार और यहां के सामान्य सामाजिक जीवन में सबसे अधिक मददगार होने के लिए।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आम लोगों को नहीं मिलेगा प्रवेश

लविवि के शताब्दी वर्ष पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आम लोगों को प्रवेश नहीं मिलेगा। यहां केवल आमंत्रित लोगों को ही स्थान दिया जाएगा।

समारोह में कवि कुमार विश्वास, भजन सम्राट अनूप जलोटा और लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी के कार्यक्रम के साथ डीजे नाइट जैसे आयोजन होंगे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार ने बताया कि कोरोना के संक्रमण को देखते हुए बंदिशें रहेंगी। विभिन्न विभागों में दिन के जो कार्यक्रम होंगे, उनमें आम लोगों को भी प्रवेश दिया जाएगा। गेटों पर लोगों की गणना की जाती रहेगी, ताकि भीड़ न हो। अभिनेता अनुपम खेर का वर्चुअल कार्यक्रम मालवीय हॉल में होना है, इसमें विद्यार्थी आ सकेंगे, मगर उनको प्रथम आगत प्रथम स्वागत के आधार पर ही बैठाया जाएगा।

12 तक अपलोड करें दस्तावेज

लविवि स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा के आवेदकों को अनलॉक पोर्टल पर दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए मोहलत दी गई है। अब आवेदक 12 नवंबर तक अपने दस्तावेजों को अपलोड कर सकते हैं। जिन्होंने पहले ही अपलोड कर दिए हैं, वे उसे संपादित भी कर सकते हैं। बीपीएड, एमपीएड और एमएड के आवेदक को भी अपने दस्तावेजों को अनलॉक पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

TOI PAGE 4

LU convocation slated for Nov 21

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: This year, Lucknow University, will hold its convocation on November 21 during the weeklong centenary celebrations.

Governor Anandiben Patel, who is also the chancellor of all state universities, on Saturday, gave the approval to conduct the convocation in its centenary celebration week between November 19 to 25.

Like every year, the convocation will be conducted in an offline mode at its arts quadrangle. The only difference, this time, would be that medals will be awarded to only 15 meritorious students from stage and not 195. The decision was taken in wake of the Covid-19 pandemic.

"Only old medals and one that was constituted by the varsity will be conferred to meritorious students. It's not possible to award all 195 medals to the high scorers as it will be difficult to maintain social distancing," said LU spokesperson Durgesh Srivastav. He said the date to award remaining medals was not decided yet.

SAMRIDDHI NEWS PAGE 3

एलयू में 21 नवम्बर को होगा दीक्षांत समारोह, सिर्फ 15 मेडल ही दिए जाएंगे

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलाधिपति व उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ विश्वविद्यालय को 21 नवंबर को अपना शताब्दी दीक्षांत समारोह आयोजित करने के लिए सहमति प्रदान कर दी है।

इस विशेष दीक्षांत समारोह की तैयारियां विश्वविद्यालय ने शोर-शोर से शुरू कर दी हैं। सार्वजनिक सभा के लिए कोविड-19 के प्रतिबंध के कारण और समस्त विश्वविद्यालय परिवार के स्वास्थ्य को ध्यान मे रखते हुए, विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ छात्रों को दिए जाने वाले 15 पदक ही इस दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान किए जाएंगे।

अन्य सभी विभागीय पदक जो पूर्व छात्रों अथवा किसी अन्य के द्वारा प्रायोजित किये गए हैं, को किसी एक अन्य तारीख में छात्रों को प्रदान किए जाएंगे जिसके तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

यह पदक कुलाधिपति द्वारा प्रदान किये जायेंगे

- कुलपति स्वर्ण पदकः विश्वविद्यालय का सर्वश्रेष्ठ एनसीसी कैडेट होने के लिए
- कुलाधिपति रजत पदकः स्नातकोत्तर कक्षाओं में सभी संकायों के सभी छात्रों के बीच सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार
- कुलाधिपति रजत पदकः विश्वविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ महिला छात्र का पुरस्कार
- कुलाधिपति स्वर्ण पदकः सभी संकायों में सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार
- कुलाधिपति कांस्य पदकरू बीए (फाइनल) वर्ष में अध्ययन करने वाले सर्वश्रेष्ठ छात्र होने के लिए।
- कुलाधिपति कांस्य पदकः बीए (फाइनल) वर्ष में अध्ययन करने वाले सर्वश्रेष्ठ छात्र होने के लिए।
- कुलाधिपति कांस्य पदकः बीएससी (अंतिम) वर्ष में अध्ययन करने वाले सर्वश्रेष्ठ छात्र होने के लिए।
- कुलाधिपति कांस्य पदकः बीएससी (अंतिम) वर्ष में अध्ययन करने वाले सर्वश्रेष्ठ छात्र होने के लिए।
- कुलाधिपति कांस्य पदकः बीकॉम (फाइनल) वर्ष में अध्ययन करने वाले सर्वश्रेष्ठ छात्र होने के लिए।
- कुलाधिपति कांस्य पदकः बीकॉम (फाइनल) वर्ष में अध्ययन करने वाले सर्वश्रेष्ठ छात्र होने के लिए।
- कुलाधिपति कांस्य पदकः बीएफए (अंतिम) वर्ष में अध्ययन करने वाले सर्वश्रेष्ठ छात्र होने के लिए।
- कुलाधिपति कांस्य पदकः बीएफए (अंतिम) कक्षा में पढ़ने वाले सर्वश्रेष्ठ छात्र होने के लिए।
- कुलाधिपति कांस्य पदकः एलएलबी भाग 5वर्ष (9-10) में अध्ययन करने वाले सर्वश्रेष्ठ छात्र होने के लिए
- कुलाधिपति कांस्य पदकः एलएलबी भाग 3 वर्ष (5-6) में अध्ययन करने वाले सर्वश्रेष्ठ छात्र होने के लिए।
- डॉ. चक्रवर्ती स्वर्ण पदकः (सर्वश्रेष्ठ सेवा-भाव के लिए प्रदत्त) विश्वविद्यालय में अच्छे व्यवहार और यहां के सामान्य सामाजिक जीवन में सबसे अधिक मददगार होने के लिए